Seventeenth Loksabha

an>

Title : Need to check flood and land erosion caused by Ganga and Phulhar rivers in Maldaha Uttar Parliamentary Constituency, West Bengal.

श्री खगेन मुर्मु (माल्दहा उत्तर): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र मालदा उत्तर पश्चिम बंगाल में बाढ़ एवं कटान की ओर आकर्षित करना चाहता हूं । मेरे क्षेत्र का अधिकांश भाग गंगा और फुल्हर नदी के तट पर बसा हुआ है । वहां प्रतिवर्ष आने वाली बाढ़ एवं कटान के कारण तमाम गांव नदी में समाते जा रहे हैं । गंगा और फुल्हर के कटान से प्रतिवर्ष लगभग 30 वर्ग किलोमीटर की जमीन नदी में समाती जा रही है जिससे हजारों की संख्या में प्रतिवर्ष बेघर होकर लोग सड़कों पर खुले आसमान के नीचे जीने को मजबूर हो रहे हैं । कृषि योग्य भूमि के कटान में चले जाने की वजह से लोगों के सामने बेरोजगारी एवं भुखमरी की स्थिति बनी हुई है ।

मैं सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि गंगा और फुल्हर नदी के बाढ़ एवं कटान की रोकथाम के लिए स्थाई कार्य योजना बनाकर इस समस्या का समाधान किया जाए तथा अभी तक जो लोग कटान से प्रभावित होकर सड़कों पर जाने को मजबूर हैं उनके पुनर्वास एवं रोजगार की व्यवस्था की जाए तथा कटान के कारण उनको हुई क्षति का मूल्यांकन करते हुए मुआवजा दिलाने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करने की कृपा करें ।